झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

विज्ञान एवं प्रावैद्यिकी परिसर (साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी कैम्पस),
सिरखा टोली, नामकुम, राँची – 834010 (झारखण्ड)

पत्रांक :– JUT/85/2018/1571 /राँची, दिनांक :– 09/07/2020

प्रेषक,

कुलसचिव (प्र0),
झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
राँची।

सेवा में,

प्राचार्य,
बेहरागोड़ा पोलिटेकनिक बेहरागोड़ा।

विषयः– बेहरागोड़ा पोलिटेकनिक बेहरागोड़ा को शैक्षणिक सत्र–2019–20 हेतु Deemed to be Affiliated प्रदान किये जाने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि आपके द्वारा झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रॉची में शैक्षणिक वर्ष 2019–20 के संबंद्धता हेतु आवेदन समर्पित किया गया था। समर्पित आवेदन के आलोक में आपके संस्थान को Provisional Affiliation, इस शर्त के साथ प्रदान की गई थी कि उक्त शैक्षणिक वर्ष के लिये आपके संस्थान का भौतिक निरीक्षण माह मई, 2019 में किया जायेगा।

तदोपरांत विश्वविद्यालय गठित समिति द्वारा आपके संस्थान का भौतिक निरीक्षण कर समिति द्वारा विश्वविद्यालय कार्यालय को प्रतिवेदन समर्पित किया गया। समर्पित प्रतिवेदन में पाये गये त्रुटियों/विसंगतियों के निराकरण हेतु विश्वविद्यालय पत्रांक–JUT-85/2018/837 दिनांक–03/10/2019 द्वारा आपके संस्थान को पत्र निर्गत किया गया। उक्त पत्र के आलोक में आपके संस्थान द्वारा अनुपालन–प्रतिवेदन विश्वविद्यालय कार्यालय को समर्पित की गई है।

अतः समर्पित अनुपालन प्रतिवेदन के आलोक में आपके संस्थान को सत्र 2019–20 के लिये इस शर्त के साथ Deemed to be Affiliated प्रदान की जाती है कि अगले शैक्षणिक वर्ष 2020–21 में किये जाने वाले भौतिक निरीक्षण में संस्थान द्वारा समर्पित अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा की जायेगी।

विश्वासभाजन

कुणाल कुमार 09/07/2020

कुलसचिव (प्र0)
झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रॉची।

09/07/2020